**2022**

# HINDI

## ( Honours Elective )

Paper : HIN–HE–5016

**( लोक-साहित्य चिंतन )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'फोकलोर' का हिन्दी पर्यायवाची शब्द क्या है?

(ख) भारतीय लोक-संस्कृति के अध्ययन का प्रथम प्रयास किसने किया है?

(ग) संस्कृत के कोशों में 'लोकवार्ता' शब्द का अर्थ क्या दिया है?

(घ) लोक-साहित्य अध्ययन की किसी एक समस्या का उल्लेख कीजिए।

(ङ) हिन्दी में सर्वप्रथम 'लोकवार्ता' शब्द का प्रयोग किसने किया है?

(च) डॉ० सत्येन्द्र ने ब्रज की लोककथाओं को कितनी श्रेणियों में विभाजित किया है?

(छ) 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?

(ज) 'कीर्तनिया' लोकनाट्य का प्रचलन कहाँ होता है?

(झ) 'रासलीला' की कोई एक विशेषता बताइए।

(ञ) 'बारहमासा' में मूल रूप से किस बात की अभिव्यक्ति पायी जाती है?

(ट) श्रावण शुक्ल पंचमी को क्या कहते हैं?

(ठ) चक्की पीसते समय जो गीत गाये जाते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है?

(ड) मुण्डन के गीत को संस्कृत में क्या कहते हैं?

(ढ) श्रमगीत क्या है?

(ण) 'वीधि नाटकम्' या 'वीधि भागवतम्' कहाँ का लोकनाट्य है?

(त) 'कुरवंजि' भारत के किस राज्य का लोकनाट्य है?

(थ) दक्षिण भारत के किसी एक लोकनाट्य का नाम लिखिए।

(द) परिकथा क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) लोक-संस्कृति की एक परिभाषा दीजिए।

(ख) लोक-संस्कृति और लोक-साहित्य के कोई दो अंतर लिखिए।

(ग) लोक-साहित्य के संकलन की किन्हीं दो कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए।

(घ) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय के मत के अनुसार 'लोक' की परिभाषा क्या है?

(ङ) लोक-साहित्य के संग्रहकर्ता द्वारा प्रयुक्त उपादानों में से किन्हीं दो आंतरिक साधनों के नाम लिखिए।

(च) लोकगीत का क्या तात्पर्य है?

(छ) व्रत-संबंधी गीतों में से किन्हीं दो के नाम लिखिए।

(ज) चैता का वर्ण्य-विषय क्या है?

(झ) कथा-रूढ़ियाँ क्या हैं?

(ञ) लोक-नाटकों की लोकप्रियता के दो कारण बताइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) लोकवार्ता की विषय-वस्तु क्या है?

(ख) रामलीला के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ग) जाति-संबंधी गीत का परिचय दीजिए।

(घ) रासलीला की लोकप्रियता के क्या-क्या कारण हैं?

(ङ) लोकनाट्य 'अंकिया' का परिचय दीजिए।

(च) अंधविश्वास किसे कहते हैं?

(छ) 'भवाई' लोकनाट्य का परिचय दीजिए।

(ज) संस्कार-संबंधी गीत की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) लोक-साहित्य की परिभाषा देते हुए उसकी शास्त्रीय समीक्षा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) लोक-साहित्य के अध्ययन की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) भारत में लोक-साहित्य के अध्ययन के इतिहास पर संक्षेप में आलोकपात कीजिए।

(घ) लोकगीतों के विभिन्न प्रकारों का संक्षेप में परिचय दीजिए।

(ङ) व्रत-संबंधी गीतों का विस्तृत विवेचन कीजिए।

(च) लोक-नाटकों के विविध वर्गों का परिचय दीजिए।

(छ) लोककथा की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ज) लोकवार्ता के विभिन्न सम्प्रदायों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(झ) हिन्दी नाटक एवं रंगमंच पर लोकनाट्य के प्रभाव पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ञ) लोक-संस्कृति की अवधारणा स्पष्ट करते हुए लोकवार्ता के साथ उसके संबंध पर आलोकपात कीजिए।

★★★